हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 15 मार्च 2025, समय 1305 (5 मिनट)

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का विषय "सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन" रखा गया है।यह दिवस प्रति वर्ष 15 मार्च को उपभोक्ता अधिकारों और उनकी सुरक्षा पर बल देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। यह दिन सभी उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने तथा उन अधिकारों का सम्मान और संरक्षण करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर है।

*****************************************************************

केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले और विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विभाग द्वारा होली की छुट्टिओं के मद्देनजर दो दिन पहले राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले और विधिक माप विज्ञान विभाग की निदेशक डॉ. रिचा राठी, आयोग की पीठासीन सदस्य सुश्री पद्मा पांडे ने शिरकत की। डॉ. रिचा राठी ने उपभोक्ता मामलों के त्वरित निपटान में प्रौद्योगिकी की भूमिका के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। संगोष्ठी में विधि विशेषज्ञो ने दैनिक जीवन में उपभोक्ताओं के समक्ष आने वाले मुद्दों और उनके स्थायी समाधानों पर भी चर्चा की। इसके अलावा आयोग के एक सदस्य राजेश आर्य ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-2019 की नई विशेषताओं बारे बताया और साथ ही उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया बारे विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर राज्य आयोग चंडीगढ़ की विभिन्न उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला गया।

संगोष्ठी में राज्य और जिला आयोग के सदस्यों और आम जनता ने भी भाग लिया और सब का आपसी संवाद भी कराया गया। इसके इलावा विभाग द्वारा उपभोक्ताओं में जागरूकता के लिए मनीमाजरा के शिवालिक गार्डन और राम दरबार में एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। उपभोक्ताओं को विधिक माप विज्ञान अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जागरूक किया गया तथा अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक कीमत वसूलने तथा कम वजन वाली वस्तुओं के मामले में शिकायत दर्ज करने के लिए विभाग के हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई।

*****************************************************************

विश्व भर में 9 मार्च से मनाए जा रहे मोतियाबिंद यानि ग्लूकोमा सप्ताह का आज आखिरी दिन है। लोगों में काला मोतिया बारे जागरूकता फैलाने के लिए हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के दिशा निर्देश अनुसार आज भी जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डॉ कुलदीप सिंह ने बताया कि पूरे भारत में लगभग एक करोड़ 19 लाख लोग काला मोतिया से प्रभावित हैं। एक अध्ययन के अनुसार इसका मुख्य कारण मरीज में रोग का पता न चलना है। हरियाणा में राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के उप निदेशक डॉ जगदीप सिंह ने बताया कि यह रोग ऑप्टिक तंत्रिका को नुकसान पहुँचने से होता है। यह क्षति अक्सर आंख में बढ़े हुए दबाव के कारण होती है। डॉ जगदीप ने बताया कि विभाग का प्रयास रहता है कि वर्ष भर लोगों को काला मोतिया बारे जागरूक करने का काम जारी रखा जाए।

*****************************************************************

हरियाणा के एक व्यक्ति ने कल अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब की गुरु रामदास सराय में शिरोमणि गुरुद्धारा प्रबंधक कमेटी-एसजीपीसी के कुछ कर्मचारियों और श्रद्धालुओं पर लोहे की छड़ से हमला किया। पुलिस ने हमलावर को हिरासत में ले लिया है।

संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्ति ने एसजीपीसी कर्मचारियों के पूछताछ करने पर हमला कर दिया। एसजीपीसी के दो सेवादारों सहित चार लोग इस घटना में घायल हो गए। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि व्यक्ति की पहचान हरियाणा के यमुनानगर के शादीपुर के गुलफान के रूप में हुई है। श्री भुल्लर ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। मामले की जांच जारी है।

*************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 30 तारीख़ को आकाशवाणी पर "मन की बात" कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। श्रोता "मन की बात" कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 के माध्यम से दे सकते हैं। अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की 28 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

*************************************************************

स्पेसएक्स और नासा ने अमरीकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से वापस लाने के लिए एक मिशन शुरू किया है। सुनीता और बुच नौ महीने से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हैं। क्रू-10 मिशन पर ड्रैगन नाम के अंतरिक्षयान के साथ फाल्कन-नाइन रॉकेट का कल रात प्रक्षेपण हुआ। मिशन के अंतर्गत अंतरिक्ष स्टेशन के लिए चार क्रू सदस्यों को भी भेजा गया है।

नासा के अंतरिक्ष यात्री ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री ताकुया ओनिशी और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री किरिल पेसकोव इस अभियान पर गये हैं। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर पिछले वर्ष जून में अंतरिक्ष स्टेशन में गये थे। दोनों को करीब एक सप्ताह तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहना था। फॉक्स न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रक्षेपण से पहले अमरीका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने नासा के स्पेसएक्स क्रू-10 के लिए समर्थन का एक वीडियो संदेश साझा किया है।

*****************************************************************